मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांक: 07 जून 2019

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	08/06/19	09/06/19	10/06/19	11/06/19	12/06/19
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	44	45	45	44	45
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	30	31	31	30	31
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	1	2	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	43	42	42	43	43
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	15	15	14	14	15
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	15	17	19	22	18
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	पश्चिम–दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

फसल	अवस्था	सलाह
मिर्च	नर्सरी मे बुवाई	मिर्च की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। हरीपुर–रायपुर, पंजाब लाल, पूसा सदाबहार, एन.पी–46 ए, पूसा ज्वाला, मथानिया लोंग, पन्त सी–1 व आर सी एच–1 उन्नत किस्मों के बीज की बुवाई करें। एक हैक्टेयर के लिए एक से डेढ किलो बीज की नर्सरी में बुवाई करे। 3 ग्राम केप्टान से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
वर्षा कालीन भिण्डी	तैयारी	वर्षा कालीन भिण्डी की बुवाई के लिए खेत मे 3–4 बार जुताई कर खेत तैयार करें तथा 120–200 क्विंटल सडी हुई गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर की दर से भूमि में मिलाएं।
मूंगफली		सिंचित मूंगफली की फसल में रासायनिक तरीके से खरपतवार नियंत्रण हेतु 1 किलो ग्राम पेंडीमिथालीन का प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 2–3 दिन बाद ही छिडकाव करें।
बेर	तैयारी	बेर के पौधें लगाने के इच्छुक कृषक 2' x 2' x2' आकार के गडढ़े खोद कर कुछ दिन खुला छोडे। प्रति गडढ़े के हिसाब से 20–25 किलो देशी खाद व 10 ग्राम फिपरोनिल मिलाकर भराई कर छोड दें।
पशु		पशुओं को गलघोंटू व लंगडा बुखार रोग से बचाने के लिए वर्षा ऋतु से पहले टीकाकरण कराएं।

(नौडल ऑफीसर)